# रुपये के लेन-देन में हुई थी युवक की हत्या

**खास बातें**
- 48 घंटे में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी
- सूखे कुएं में मिला था शव
- तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 5 जुलाई, त्योंदा पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. पुलिस ने तकनीकी एवं भौतिक साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए हत्या के पीछे रुपये के लेन-देन का विवाद होना बताया है.**

पुलिस के अनुसार 28 जून 2026 को ग्राम करोंदा खुर्द स्थित एक सूखे कुएं में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़े होने की सूचना मिली थी. सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में थाना प्रभारी त्योंदा उपनिरीक्षक गौरव रघुवंशी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकलवाकर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की.जांच के दौरान शव की पहचान थाना त्योंदा में दर्ज गुम इंसान क्रमांक 34/2026 के गुमशुदा छोटेलाल पिता नत्थू अहिरवार (25 वर्ष), निवासी ग्राम हासुंआ के रूप में हुई. घटनास्थल से भौतिक साक्ष्य एकत्र किए गए. मर्ग जांच में मामला प्रथम दृष्टया हत्या का पाए जाने पर थाना त्योंदा में अपराध क्रमांक 222/2026 धारा 103(1) एवं 238(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई.पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी गंजबासौदा शिखा भल्लावी के मार्गदर्शन में थाना त्योंदा और साइबर सेल की संयुक्त टीम गठित की गई. जांच के दौरान तकनीकी और भौतिक साक्ष्यों के विश्लेषण के आधार पर ग्राम करोंदा खुर्द निवासी चंद्रेश अहिरवार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई.

### शराब पिलाकर की थी हत्या

पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि 20 जून 2026 की रात करीब 9 बजे रुपये के लेन-देन को लेकर छोटेलाल से विवाद हुआ था. इसके बाद उसने पहले छोटेलाल को शराब पिलाई और फिर डंडे एवं पत्थर से हमला कर उसकी हत्या कर दी. वारदात के बाद साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को सूखे कुएं में फेंक दिया.पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय गंजबासौदा में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया.इस अंधे कत्ल का खुलासा करने में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक गौरव रघुवंशी, सहायक उपनिरीक्षक गौरीशंकर राजपूत, सहायक उपनिरीक्षक रघुवीर सिंह राय, प्रधान आरक्षक रघुनंदन कीर, जितेंद्र खटीक, लाल सिंह रघुवंशी, विपिन यादव, आरक्षक प्रवेश कुमार, शिवम तोमर, प्रदीप अलावा तथा साइबर सेल विदिशा के प्रधान आरक्षक रोहित रैकवार एवं आरक्षक रूपेश की सराहनीय भूमिका रही.

# एमपीवीवीपी कार्यालय में चोरी का हुआ खुलासा

**कोतवाली पुलिस ने 2 .20 लाख का चोरी गया तांबे का तार और वारदात में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 5 जुलाई . थाना कोतवाली पुलिस ने एमपीवीवीपी कार्यालय में हुई चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए प्रकरण में शामिल सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी गया तांबे का तार एवं घटना में प्रयुक्त एक ऑटो अपेसहित कुल लगभग 2.20 लाख का मशरूका बरामद किया है.**

पुलिस के अनुसार फरियादी गोपाल मसराम पिता नारायण प्रसाद मसराम 40 वर्ष, निवासी शास्त्री नगर, विदिशा की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 413/2026 अंतर्गत धारा 331 4 एवं 305 ए भारतीय न्याय संहिता बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही थी. मामले की जांच के दौरान पुलिस ने पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गया तांबे का तार तथा घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया था. इसके बाद शेष आरोपियों की गिरफ्तारी और संपूर्ण मशरूका की बरामदगी के साथ प्रकरण का सफलतापूर्वक निराकरण कर लिया गया.पुलिस ने इस मामले में विल्सन जोसेफ 26 वर्ष निवासी सोराई रोड, जतरापुरा, सोनू यादव 18 वर्ष निवासी बांके बिहारी कॉलोनी, ढोलखेड़ी तथा रोहित आदिवासी 22 वर्ष निवासी जतरापुरा, विदिशा को गिरफ्तार किया है.आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक ऑटो अपे एवं चोरी गया तांबे का तार बरामद किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत लगभग 2.20 लाख बताई गई है.

## डॉ . श्यामाप्रसाद मुखर्जी के नाम पर होगा मार्ग का नामकरण

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किए जा रहे स्मरण सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है. जिसके अंतर्गत सोमवार 6 जुलाई को प्रात: 9.30 बजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी उद्यान अयोध्या बस्ती सिरोंज पर विधायक उमाकांत शर्मा की मौजूदगी में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी प्रतिमा स्थल पेडस्टल का भूमि पूजन किया जावेगा. साथ ही नया बस स्टेण्ड से बलेजा पेट्रोल पंप तक के मार्ग का नामकरण डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी मार्ग के रूप में किया जावेगा.

# संत रामपाल जी महाराज की प्रेरणा से शिष्य हल्कई सिलावट का देहदान

**गार्ड ऑफ ऑनर से दी गई अंतिम विदाई**

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. संत रामपाल जी महाराज की शिक्षाओं और मानव कल्याण की भावना से प्रेरित होकर उनके शिष्य हल्कई सिलावट का देहदान उनके परिजनों द्वारा किया गया. विदिशा जिले की गंजबासौदा तहसील के उकायला गांव निवासी हल्कई सिलावट के पार्थिव शरीर को रविवार को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल कॉलेज को समर्पित किया गया. इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर उन्हें सम्मानपूर्ण अंतिम विदाई दी.**

हल्कई सिलावट की पत्नी पूना बाई दासी एवं पुत्र जगदीश दास ने बताया कि संत रामपाल जी महाराज अपने सत्संगों में मानव जीवन को सार्थक बनाने, समाजहित में कार्य करने तथा मृत्यु के बाद भी मानवता के काम आने की प्रेरणा देते हैं. उन्हीं शिक्षाओं से प्रेरित होकर परिवार ने देहदान का निर्णय लिया, ताकि मेडिकल शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों और शोध कार्यों में इसका उपयोग हो सके.परिजनों ने कहा कि यह देहदान केवल एक सामाजिक दायित्व नहीं, बल्कि मानवता की सच्ची सेवा का माध्यम है. उनका मानना है कि इस निर्णय से समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी.

# बार-बार हो रही विद्युत कटौती से लोग परेशान

**उमस और अघोषित बिजली बंदी ने बढ़ाईं मुश्किलें**

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,** नगर में पिछले कई दिनों से हो रही लगातार और अघोषित विद्युत कटौती से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो गया है. दिन और रात में कई-कई बार घंटों बिजली आपूर्ति बंद रहने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. व्यापारियों का कहना है कि बार-बार बिजली जाने से उनका कारोबार प्रभावित हो रहा है, जबकि बारिश के मौसम में बढ़ी उमस ने लोगों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं.

स्थानीय नागरिकों के अनुसार रविवार तड़के करीब 4 बजे बिजली आपूर्ति बंद हो गई, जो लगभग साढ़े चार घंटे बाद सुबह 8.30 बजे बहाल हुई। इसके अलावा भी दिनभर में कई बार एक से तीन घंटे तक बिजली बंद रहने की स्थिति बनी रही। लगातार हो रही कटौती से घरों में पेयजल की व्यवस्था, दैनिक कार्य और बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है.बारिश के मौसम में उमस बढ़ने से छोटे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी झेलनी पड़ रही है. रात में बिजली गुल रहने से लोगों की नींद भी प्रभावित हो रही है, जिससे नागरिकों में बिजली विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है.वहीं इन दिनों खरीफ सीजन के चलते किसानों के खेतों में जुताई और बुआई का कार्य तेजी से चल रहा है। कृषि उपकरणों की मरम्मत कराने वर्कशॉप पहुंचे किसानों को भी बिजली कटौती के कारण घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। बिजली नहीं होने से वेल्डिंग मशीन और अन्य उपकरण संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कृषि यंत्रों की मरम्मत का काम प्रभावित हो रहा है और किसानों का समय तथा श्रम दोनों व्यर्थ हो रहे हैं.नगरवासियों ने विद्युत विभाग से अघोषित बिजली कटौती पर रोक लगाने, विद्युत आपूर्ति को नियमित करने तथा आवश्यक रखरखाव कार्य की पूर्व सूचना देने की मांग की है, ताकि आमजन, व्यापारी और किसानों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े.

# आधे घंटे की बारिश में सड़क बनी तालाब जलभराव से लोगों की बढ़ी परेशानी



**नवभारत न्यूज**

**गुलाबगंज. कस्बे में रविवार दोपहर करीब तीन बजे हुई करीब आधे घंटे की बारिश ने ग्राम पंचायत की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी. तेज बारिश के बाद मुख्य सड़क पर तालाब जैसे हालात बन गए और पानी लोगों के घरों तक पहुंच गया, जिससे नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य मार्ग की कई नालियां पाट दी गई हैं, जिसके कारण सफाई कर्मचारी नियमित सफाई नहीं कर पा रहे हैं. नालियों में अवरोध होने से बारिश का पानी निकासी नहीं पा सका और पूरी सड़क पर भर गया.ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा नालियों पर अवरोध करने वालों को नोटिस जारी कर नालियां खुली रखने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन इसका कोई प्रभाव दिखाई नहीं दे रहा है. नतीजतन हर बारिश में जलभराव की समस्या गंभीर होती जा रही है.

## सहकारी सप्ताह पर कृषक संगोष्ठी, किसानों को उन्नत खेती की दी जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**नटेरन,** सहकारी सप्ताह एवं सहकारिता मंत्रालय के स्थापना दिवस पर प्राथमिक बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, सेऊ द्वारा कृषक संगोष्ठी आयोजित की गई. कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष ललिता शर्मा ने सहकारिता को किसानों की आर्थिक उन्नति का प्रभावी माध्यम बताया. वरिष्ठ सहकारिता अधिकारी किशोर अहिरवाल सहकारी संस्थाओं भूमिका पर प्रकाश डाला.इफको विदिशा के कृषि स्नातक प्रशिक्षु विशाल पाटीदार ने नैनो उर्वरक, बायो फर्टिलाइजर एवं बायो डिकंपोजर के संतुलित उपयोग के लाभ बताए. क्षेत्रीय कृषि विस्तार अधिकारी राघवेंद्र अहिरवार ने मृदा परीक्षण के आधार पर संतुलित खाद एवं आधुनिक कृषि तकनीक अपनायें.

## कनारा क्रिकेट क्लब के बेतवा कप जूनियर और लिटिल चैंप्स का भव्य समापन




**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. कनारा क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित बेतवा कप जूनियर एवं बेतवा कप लिटिल चैंप्स क्रिकेट प्रतियोगिताओं का भव्य समापन विदिशा कलेक्टर अंशुल गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ. समापन समारोह में प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नन्हे और युवा खिलाड़ियों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया.**

मुख्य अतिथि कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कनारा क्रिकेट क्लब के खेल विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्लब वर्षों से स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने का सराहनीय कार्य कर रहा है. उन्होंने भविष्य में भी प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया और खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.इस वर्ष आयोजित बेतवा कप लिटिल चैंप्स में 7 टीमों तथा बेतवा कप जूनियर में 4 टीमों ने हिस्सा लिया. दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 11 टीमों के लगभग 150 बाल एवं युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया.बेतवा कप जूनियर में धोनी सुपर किंग्स ने खिताब अपने नाम किया. फाइनल मुकाबले में यश रघुवंशी को मैन ऑफ द मैच चुना गया, जबकि ऋषि यादव परफॉर्मर ऑफ द मैच रहे. यश रघुवंशी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का सम्मान मिला. आरिम अली सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और रियांश सक्सेना सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुने गए.बेतवा कप लिटिल चैंप्स में अय्यर राइडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. फाइनल में शिवांगी डांगी मैन ऑफ द मैच रहीं, जबकि वंश गौर परफॉर्मर ऑफ द मैच बने. आराध्य सोनी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया. यथार्थ देशमुख को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और वंश गौर को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार प्रदान किया गया.समारोह के अंत में मुख्य अतिथि एवं क्लब पदाधिकारियों ने विजेता और उपविजेता टीमों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को चमचमाती ट्रॉफियां एवं पुरस्कार प्रदान किए. कनारा क्रिकेट क्लब की आयोजन समिति ने खिलाड़ियों, अभिभावकों, सहयोगियों और खेल प्रेमियों का सफल आयोजन में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया. क्लब ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से विदिशा की युवा क्रिकेट प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने का संकल्प दोहराया. समारोह में क्लब के पदाधिकारी, वरिष्ठ खिलाड़ी तथा बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे.

# 39वें चरण के साथ साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 का समापन

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा. श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर, नौलखी घाट पर आयोजित 39वें चरण के स्वच्छता कार्यक्रम के साथ %साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0% का सफल समापन हुआ. अंतिम चरण में स्वयंसेवकों ने बेतवा नदी की सफाई कर सामाजिक एवं पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाई.**

श्रमदान के दौरान नदी की तलहटी से वर्षों से जमा धार्मिक वस्त्र, प्लास्टिक निर्मित पूजन सामग्री, हवन अवशेष, प्लास्टिक की थैलियां तथा अन्य अपशिष्ट बाहर निकाला गया. वर्षा ऋतु को देखते हुए एकत्रित कचरे को श्री जगन्नाथ स्वामी मंदिर के पीछे सुरक्षित स्थान पर रखा गया, ताकि बाद में उसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जा सके.स्वयंसेवकों ने लोगों से अपील की कि आस्था के नाम पर नदियों में कचरा और पूजन सामग्री प्रवाहित न करें. उनका कहना था कि प्रकृति का संरक्षण ही सच्ची आस्था का प्रतीक है.लगातार पांच वर्षों से संचालित इस अभियान ने बेतवा नदी की स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को भी नई दिशा दी है. समापन अवसर पर श्रमदान दल ने %पौधारोपण अभियान 5.0% शुरू करने की घोषणा की. अभियान के तहत जनसहयोग से ट्री गार्ड एवं उनकी लागत जुटाई जाएगी, जबकि पौधों की व्यवस्था श्रमदान दल करेगा. इसका उद्देश्य पौधारोपण के साथ पौधों के संरक्षण को भी सुनिश्चित करना है.

# उत्साह से मनाया पं . धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मोत्सव



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा. बागेश्वर धाम परिवार विदिशा द्वारा रगई धाम स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया. आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, भक्तगण एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए और धार्मिक वातावरण में उनकी दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की.**

कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र और सनातन धर्म की निरंतर सेवा के लिए सामूहिक प्रार्थना की. इस अवसर पर पूरे मंदिर परिसर में जय श्रीराम, जय हनुमान और जय बागेश्वर धाम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा.बागेश्वर धाम परिवार विदिशा प्रकोष्ठ के प्रमुख डॉ. अनंत श्रीवास्तव एवं उनकी मित्र मंडली के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए खिचड़ी प्रसाद और शीतल शरबत का वितरण किया गया. उपस्थित भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना करते हुए इसे सेवा, सामाजिक समरसता और सनातन संस्कृति के प्रति आस्था का प्रतीक बताया.कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने आध्यात्मिक प्रवचनों, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार तथा समाज में राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के लिए देशभर में विशेष पहचान रखते हैं. उनके जन्मोत्सव पर आयोजित इस कार्यक्रम ने श्रद्धालुओं में नई ऊर्जा, उत्साह और धार्मिक चेतना का संचार किया.इस अवसर पर संजय पुरोहित सहित आयोजन में सहयोगी सौरभ स्वर्णकार, युवा भाजपा नेता गौरव माहेश्वरी, समाजसेवी सनी यादव, भूपेंद्र पाठक, अंकुर गुप्ता, अभिषेक गुर्जर, गजेंद्र गुर्जर, संतोष हिसारिया, शंभू सिंह रघुवंशी, शुभम, मुस्लिम समाजसेवी नसीम अहमद तथा मुकेश जैन सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

**बारिश** सड़कें बनीं तालाब, कई इलाकों में घरों तक पहुंचा पानी; सांची रोड पर आवागमन प्रभावित

# तेज बारिश से तरबतर हुआ विदिशा, जगह-जगह जलभराव से जनजीवन प्रभावित



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा.** रविवार को हुई तेज बारिश ने शहर की जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी. करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश के बाद शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई. मुख्य मार्गों सहित कई कॉलोनियों की सड़कें पानी में डूब गईं, जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. कई स्थानों पर बारिश का पानी घरों में घुस गया, जिससे लोगों के घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रही. शहर की प्रमुख सांची रोड पर सड़क पूरी तरह पानी से लबालब नजर आई. सड़क पर पानी भर जाने के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा. कई वाहन चालक पानी के बीच से सावधानीपूर्वक गुजरते दिखाई दिए, जबकि पैदल राहगीरों को भी जलभराव के कारण रास्ता बदलना पड़ा. कुछ स्थानों पर वाहनों की रफ्तार धीमी होने से जाम जैसी स्थिति भी बनी.











